# हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

(पूर्व नाम- दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग)

रायपुर नाका दुर्ग (छ.ग.)-491001

*ई मेल : exam@durguniversity.ac.in* *वेब साइट : www.durguniversity.ac.in* *दूरभाष : 0788-2359100*

## // अधिसूचना //

क्रमांक 1237 /परीक्षा/सेमे./2018 दुर्ग, दिनांक 27.11.2018

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत **बी.बी.ए. षष्टम सेमेस्टर के केवल ऐसे छात्र/छात्राएं जिन्होंने मई–जून 2018 में आयोजित सेमेस्टर परीक्षा में षष्टम सेमेस्टर के परीक्षा फार्म भरे थे परन्तु चतुर्थ सेमेस्टर तक परीक्षा उत्तीर्ण नहीं की थी, के चतुर्थ सेमेस्टर एटीकेटी के परीक्षा परिणाम घोषित होने के परिणामस्वरूप केवल उक्त परीक्षा में उत्तीर्ण छात्रों से षष्टम सेमेस्टर परीक्षा 2018 हेतु** ऑफलाईन पद्धति से परीक्षा आवेदन पत्र भरने की तिथि निम्नानुसार निर्धारित की जाती है:-

| क्र. | परीक्षा आवेदन | दिनांक |
|---|---|---|
| 01 | परीक्षार्थियों द्वारा ऑफलाईन द्वारा संपूर्ण परीक्षा आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि | 28.11.2018 से 30.11.18 तक |
| 02 | परीक्षार्थियों द्वारा जमा कराये गये हार्ड कापी एवं संलग्नक सहित एवं नॉमिनल रोल, न्यूमेरिकल रिटर्न, शुल्क सूची, गोसवारा सहित जमा करने की तिथि | 01.12.2018 |

**आवश्यक निर्देशः–**

- यदि कोई परीक्षार्थी ऑफलाईन परीक्षा आवेदन फार्म भरा है और निर्धारित तिथि तक यदि वह अपनी हार्ड कापी संबंधित परीक्षा केन्द्र (महाविद्यालय) में जमा नहीं करता है तो उसकी परीक्षा आवेदन करने की वैधता समाप्त हो जावेगी तथा उनके द्वारा जमा की गई परीक्षा शुल्क की राशि भी वापस नहीं की जावेगी।
- समस्त संबंधित महाविद्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि वे इस अधिसूचना में दिये गये निर्देशों की जानकारी अपने महाविद्यालय के सूचना पटल पर आवश्यक रूप से चस्पा करावें तथा समस्त संबंधित परीक्षार्थियों को इससे अवगत करावें ताकि उन्हें प्रक्रिया समझने में आसानी हो सके।
- परीक्षार्थी ऑफलाईन परीक्षा आवेदन www.durguniversity.ac.in से डाउनलोड भी कर सकते हैं। तथा प्रिंट आउट को भरकर समस्त संलग्न प्रपत्रों सहित अपने महाविद्यालयों के निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में नियत तिथि तक जमा करेंगे।
- परीक्षा हेतु आवेदन करते समय आने वाली कठिनाईयों पर हेल्पलाईन नं. 0788–2359300 पर कार्यालयीन समय प्रातः 11:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं।
- परीक्षा केन्द्र सूची में उल्लेखित केन्द्र में आसंजित महाविद्यालय के परीक्षार्थी परीक्षा आवेदन भरने के पश्चात अपनी हार्डकापी संलग्नकों सहित जमा करेंगे। परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र का प्रारूप भी विश्वविद्यालय द्वारा जारी किया जा रहा है, जिसे पूर्ण रूप से भरकर प्राचार्य द्वारा अग्रेषित कराकर ही विश्वविद्यालय प्रेषित किया जावे। परीक्षार्थियों के रोल नम्बर पूर्ववत ही रहेंगे।
- सूची में संलग्न छात्रों ने परीक्षा शुल्क का भुगतान पूर्व में किया जा चुका है, अतः परीक्षा शुल्क की राशि नहीं ली जावेगी।

क्रमशः– 02 ......

- विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित समय सारिणी के अनुसार ही परीक्षार्थी उक्त परीक्षा में शामिल होंगे।
- **परीक्षार्थियों द्वारा अग्रेषण शुल्क की राशि रूपये 30/— पृथक से संबंधित महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्र में जमा करना होगा। जिसकी पावती परीक्षा केन्द्र/महाविद्यालय द्वारा प्रदान की जावेगी।**
- हार्डकापी जमा करने के समय किसी भी प्रकार के दस्तावेज की कमी पाये जाने पर आवेदन निरस्त हो जावेगा तथा फीस वापस नहीं होगी अतः संबंधित परीक्षार्थी इस बात का ध्यान रखें कि सभी आवश्यक दस्तावेज संलग्न हो।
- परीक्षा केन्द्रों/महाविद्यालयों के प्राचार्य यह सुनिश्चित कर लेवें कि परीक्षार्थी के द्वारा सभी आवश्यक दस्तावेज जमा करा दिये हैं। प्राचार्य की जिम्मेदारी है कि कृपया वे सूक्ष्मतापूर्वक परीक्षण करने के पश्चात निर्धारित तिथि तक आवेदन पत्र विश्वविद्यालय में जमा करें।

## बी.बी.ए. षष्टम सेमेस्टर के छात्रों हेतु निर्धारित परीक्षा केन्द्र

| क्र. | केंद्र/महा. कोड | परीक्षा केन्द्र का नाम | महा. कोड | केन्द्र में सम्मिलित अन्य महाविद्यालय का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 334 | सेंट थामस कॉलेज, रूआबांधा, भिलाई | 334 | सेंट थामस कॉलेज, रूआबांधा, भिलाई |
| | | | 337 | सांई महाविद्यालय, सेक्टर 6, भिलाईनगर |
| | | | 339 | श्री शंकराचार्य महाविद्यालय, जुनवानी, भिलाई |
| | | | 341 | जी.डी. रूंगटा कॉलेज ऑफ साईस एण्ड टेक्नालॉजी, भिलाई |

**अग्रेषणकर्ता अधिकारी के लिए आवश्यक टीपः—**

1. पात्र परीक्षार्थियों की हार्ड कॉपी (समस्त संलग्नकों के साथ) परीक्षा आवेदन पत्र परीक्षण एवं प्रमाणित कर अग्रेषित करते हुए विश्वविद्यालय को निर्धारित तिथि तक प्रेषित कर सहयोग प्रदान करना अपेक्षित है।
2. जिन कक्षाओं/विषयों की संबद्धता विश्वविद्यालय से प्राप्त नहीं है उनके परीक्षा आवेदन पत्र अग्रेषित न किए जायें।
3. जिन परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन पत्र अग्रेषित किए जायें उनकी कक्षा में उपस्थिति 75% होना अनिवार्य है। 75% से कम तथा 60% से अधिक उपस्थिति वाले परीक्षार्थियों के आवेदन पत्र तभी अग्रेषित किए जाए जब उनकी उपस्थिति परीक्षा पूर्व 75% हो जाए। 60% से कम उपस्थिति वाले परीक्षा आवेदनकर्ताओं के आवेदन पत्र अग्रेषित न किए जाए।

क्रमशः 03......

4. परीक्षा शुल्क सूची/गोसवारा (न्यूमेरिकल रिटर्न)/नॉमिनल रोल प्रपत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.durguniversity.ac.in से डाउनलोड कर प्रयोग में लाया जाना है।
5. परीक्षार्थियों की पूर्व परीक्षाओं की अंकसूचियाँ (यदि अंकसूची अप्राप्त हो तो इंटरनेट से प्राप्त की गई अंकसूची) अनिवार्यतः संलग्न करवा कर ही आवेदन पत्र अग्रेषित किए जायें।
6. यदि अग्रेषणकर्ता अधिकारी द्वारा किसी परीक्षार्थी के आवेदन पत्र की हार्डकॉपी को पात्रता न होने पर भी अग्रेषित कर दिया जाता है तथा विश्वविद्यालय द्वारा बाद में परीक्षण किए जाने पर परीक्षार्थी का आवेदन निरस्त किया जाता है तो इसका समस्त उत्तरदायित्व अग्रेषणकर्ता अधिकारी का होगा।

---

## अग्रेषणकर्ता अधिकारी के कार्यालय हेतु

परीक्षा केन्द्रों/महाविद्यालयों के प्राचार्य परीक्षार्थियों द्वारा जमा कराई गई कुल परीक्षा शुल्क की राशि का विवरण, गोसवारा, न्यूमेरिकल रिटर्न प्रपत्र एवं परीक्षार्थियों द्वारा जमा की गई हार्ड कापी (संलग्नकों सहित) दिनांक 01.12.2018 तक जमा की जानी है।

आदेशानुसार

कुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

पृ.क्र.1238/परीक्षा/सेमे./2018 दुर्ग, दिनांक : 27.11.2018

प्रतिलिपिः—

1. माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय के प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़, राजभवन, रायपुर।
2. सचिव, उच्च शिक्षा छत्तीसगढ़ शासन, महानदी भवन मंत्रालय, नया रायपुर।
3. आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, ब्लॉक—सी—30, द्वितीय/तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, नया रायपुर।
4. जिलाधीश, दुर्ग, बालोद, बेमेतरा, राजनांदगांव, कबीरधाम।
5. पुलिस अधीक्षक, दुर्ग, बालोद, बेमेतरा, राजनांदगांव, कबीरधाम।
6. वित्त अधिकारी/उ.कु.स. अकादमिक/स. कु. स्थापना/गोपनीय एवं संबंधित परीक्षा कार्य सहायक, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग।
7. अधिष्ठाता छात्र कल्याण, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग।
8. प्राचार्य, संबंधित महाविद्यालय, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग।
9. कुलपति के सचिव/कुलसचिव के निज सहायक, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग को सूचनार्थ।
10. संपादक, समस्त स्थानीय समाचार पत्र, दुर्ग/बेमेतरा/बालोद/राजनांदगांव/कबीरधाम को इस निवेदन के साथ कि कृपया अपने लोकप्रिय समाचार पत्र के आगामी अंक में छात्रहित में समाचार के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।

उपकुलसचिव